तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 10 जुलाई 2024

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 संदिग्धों की जांच और किरायेदारों के सत्यापन पर पुलिस का अभियान



## खबर संक्षेप

### नगरदा, सेंदुरस, सलौनीकला में राजस्व शिविर आज

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ अनुविभाग में 10 जुलाई को नगरदा, सेंदुरस और सलौनीकला में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरदा शिविर बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत नगरदा में आयोजित शिविर में अलीकूद, नगरदा, बेलमुड़ी, सोनियाडीह, गोरबा, तेन्दूमुरी, दोमुहानी, बेल्हा और माहूलडीह के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य करा सकते हैं। सलौनीकला शिविर भटगांव तहसील अंतर्गत सलौनीकला में आयोजित शिविर में सलौनीकला, मधुबनकला और गिरवानी के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। सेंदुरस शिविर सरसींवा तहसील के सेंदुरस में आयोजित शिविर में ग्राम पीपरभवना, तेन्दुवा, बेन्दुवा, मधुबनखुर्द, धनगांव, करनापाली, तौलीडीह, झुमका और सेन्दुरस के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं।

### पड़ोसी पर मुर्गियों को जहर देने का आरोप

**रायगढ़।** धरमजयगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपरमार में एक ग्रामीण गणेश कुमार कुछ भरी और कुछ तडपती मुर्गियां लेकर थाने जा पंहुचा और अपने पड़ोसी पर मुर्गियों को जहर देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। गणेश कुमार के घर के पास चार पालतू मुर्गियों की मौत हो चुकी है और अन्य मुर्गी अधमरी हालत में मिली, जिसके बाद उसने जाने में अपने पड़ोसी के विरुद्ध मुर्गियों को जहर देने का संदेह बताते हुए शिकायत की है ।



### नगरीय निकाय अब 12 तक कर सकेंगे परिसीमन

**सारंगढ़।** जिले के नवीन नगर पंचायत सरसीवा और पवनी में परिसीमन कार्य होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ ने नगरपालिका और नगर पंचायत में परिसीमन के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव की पूर्व में निर्धारित तिथि को अब 12 जुलाई 2024 तक बढ़ाया है। अब परिसीमन का प्रारंभिक प्रकाशनए दावा आपत्तिए सुझाव की तिथि 15 जुलाई से 22 जुलाई है, जिसका कलेक्टर के द्वारा नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति, सुझाव और उन पर अपना अभिमत सहित सम्पूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित करने की निर्धारित तिथि 25 जुलाई है।

### शिविर में 93 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ योजना के अंतर्गत जिले के कुल 170 गंभीर बच्चों का परीक्षण कर दवाएं उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ साय, डॉ अनिल सिदार एवं महिला बाल विकास के सेक्टर पर्यवेक्षक श्रुति चौहान, मुस्कान अग्रवाल और विजेता केशरवानी सहित आगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु योजना का संचालन कराया जा रहा है। इस योजना के तहत कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण एवं बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। परियोजना कोसीर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता में सेक्टर छिंद में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में हुए स्वास्थ्य शिविर में आसपास के ग्रामों के कुल 93 कुपोषित बच्चे लाभान्वित हुए। इसी प्रकार परियोजना सारंगढ़ में महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता में सारंगढ़ शहरी, ग्रामीण, हरदी व दानसरा सेक्टर में हुए स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में आसपास के ग्रामों के कुपोषित बच्चों की जाँच की गई।

महासमुंद के झलप की घटना के बाद फूटा आक्रोश, आमजन की बढ़ी मुश्किलें

# पटवारियों के बाद अब सामूहिक अवकाश पर गए तहसीलदार व नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महासमुंद जिले की झलप तहसील कार्यालय में एक व्यक्ति ने नायब तहसीलदार से हुई मारपीट के विरोध में जिला सहित प्रदेश के तमाम नायब तहसीलदार व तहसीलदारों ने तीन दिन तक सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। बता दें कि इससे पहले पटवारियों द्वारा भी अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है, ऐसे में अब आमलोगों को और मुश्किलों का सामना करना होगा।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों महासमुंद जिले के झलप तहसील में नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ हुई मारपीट की घटना हुई थी। इस घटना से क्षुब्ध राज्य के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के तत्वाधान में 3 दिवस के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं।




आपको बता दें कि पूर्व में ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने न्यायालय में सुरक्षा संबंधी मांग सरकार से की थी एवं पूर्व सरकार के द्वारा न्यायालय में सुरक्षा हेतु पत्र समस्त कलेक्टर को भी जारी किए गए थे, परंतु आज तक जमीनी स्तर पर उसका कोई असर नहीं दिखा है। जिसके कारण आज भी न्यायालय में बैठे तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के ऊपर असामाजिक तत्वों के द्वारा हमले व मारपीट करने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। बता दें कि पिछली सरकार द्वारा नायब तहसीलदारों को राजपत्रित घोषित किया गया था, परंतु आज तक इस संबंध में कोई भी पत्र सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50-50 का अनुपात लागू करने की घोषणा की गई थी, वह भी अभी तक अमल में नहीं लाया जा सका है। एएसएलआर एसएलआर को पर्याप्त संख्या में नायब तहसीलदार तहसीलदार होने के बावजूद तहसीलदार का प्रभार दिया जाता है, जिसके लिए भी संघ ने विरोध जाहिर किया था और बाकायदा समस्त कलेक्टरों को मंत्रालय से पत्र भी निकल गया था एवं एएसएलआर एसएलआर को नायब तहसीलदार तहसीलदार ना बनाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। परंतु आज तक किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है ना ही घोषित एवं निर्देशित मांगों को अमल में लाया गया है। इन्हीं सब अपने मांगों को लेकर तहसीलदार नायब तहसीलदार मंगलवार से 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं एवं मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की भी चेतावनी दी है।

# चेम्बर ऑफ कामर्स ने केबिनेट मंत्री ओपी को केले से तौला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी का बरमकेला आगमन पर चेम्बर ऑफ़ कामर्स इकाई बरमकेला द्वारा अध्यक्ष रतन शर्मा की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया, जहाँ उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अभिनन्दन पत्र भेंटकर स्वागत करते हुए तराजू में केला से तौलकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा एक पेड़ माँ के नाम प्रतीक स्वरूप वितरित कर जन जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ जवाहर नायक, जंगन्नाथ पाणिग्राही, जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, अजय नायक, मुरारी नायक, मोहन नायक उपस्थित रहे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चेंबर ऑफ कामर्स के बरमकेला इकाई के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सकारात्मक कार्यों में वे हमेशा उनके साथ हैं। इस दौरान उन्होंने उद्यमिता और विकास के बारे में सार्थक चर्चा भी की। कार्यक्रम में चेम्बर ऑफ़ कामर्स के पदाधिकारियों के अलावा अंचल के पत्रकार, अधिवक्ता और बुद्धजीवी भी भारी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मंत्री ओपी चौधरी के सारगर्भित विचारों की सराहना की। चेम्बर ऑफ़ कामर्स इकाई बरमकेला के अध्यक्ष रतन शर्मा ने मंत्री ओपी चौधरी को विगत वर्षों में चेम्बर ऑफ़ कामर्स द्वारा किये गए कार्यो से अवगत कराया। यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा। इस कार्यक्रम में चेम्बर के महासचिव मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल के अलावा अधिवक्ता रामेश्वर बारीक़ के साथ ही चेम्बर ऑफ़ कामर्स के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### पालिका कर्मचारी के सूने मकान से डेढ़ लाख का सामान पार

**अकलतरा।** नगर पालिका में पदस्थ कर्मचारी के सूने मकान से अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण सहित डेढ़ लाख रुपए का सामान पार कर दिया। मनोज केवट अपने मकान में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ बरसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घटना के तीन दिन पूर्व कोरबा गया हुआ था। अज्ञात चोरों के द्वारा सुनेपन का फायदा उठाकर मनोज केवट के घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर सोने का लॉकेट, चांदी की पायल, बिछिया, चांदी का सिक्का, 5 हजार रुपए एवं मनोज केंवट की मां के कमरे की अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने की चेन, चूड़ी व अन्य जेवरात सहित 1 लाख 50 हजार रुपए का सामान पार कर दिया।

## स्कूल से जारी टीसी पर्याप्त, किसी हस्ताक्षर की जरूरत नहीं: गोयल

**रायगढ़।** जिला प्रशासन के संज्ञान में यह बात आई है कि स्कूल से टीसी ले रहे छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट में डीईओ-बीईओ या अन्य अधिकारियों के काउंटर साईन की आवश्यकता बतायी जा रही है।



समय.सीमा की बैठक के दौरान यह मामला प्रकाश में आने पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र के ट्रांसफर सर्टिफिकेट में किसी भी शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी या कलेक्टर, एसडीएम अथवा किसी अन्य अधिकारी के काउंटर सिग्नेचर की कोई आवश्यकता नहीं होती है। स्कूल के प्राचार्य द्वारा जारी किया गया टीसी पर्याप्त होता है। इसलिए पालकों को अनावश्यक परेशान होकर जिला शिक्षा कार्यालय अथवा अन्य कार्यालयों में भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल से जारी होने वाले टीसी में छात्र के यूडाईस कोड और यूनिक कोड दर्ज करना अनिवार्य है। उन्होंने स्कूलों में प्राप्त होने वाले टीसी के सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छात्रों को उनके ट्रांसफर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफि केट जारी किए जाने की सुविधा को लोक सेवा गारंटी के तहत शामिल किया गया है।

- चॉईस सेंटर में टीसी के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

## बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर जिले राज्य का नाम करें रौशन: कमलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मालखरौदा में सोमवार 8 जुलाई को आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम जांजगीर-चाम्पा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनीता यशवंत चंद्रा द्वारा किया गया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव शामिल हुई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा श्रीमती लकेश्वरी देवा लहरे, सदस्य श्रीमती साक्षी युगल किशोर बंजारे, सदस्य श्रीमती हरिप्रिया रूपेश गबेल सहित गणमान्य नागरिक, शिक्षक शिक्षिका, विद्यार्थियों के पालक, क्षेत्रवासी तथा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। इसके साथ ही बच्चों को तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कराते हुए निः शुल्क सायकल, गणवेश, पाठ्य पुस्तक वितरित किये गए। इसके अलावा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के उपस्थिति में कक्षा 10 वीं एवम 12 वीं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े ने अपने सम्बोधन मे कहा कि पढाई के दौरान विद्यार्थियों को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा की वर्तमान पढ़ाई का दौरा कंपटीशन वाला है इसलिए बच्चों को पढ़ाई के दौरान अपने आप को संतुलित रखते हुए बिना निराश हुए सतत मेहनत करना चाहिए।



## कॉलोनाजइर के पास कॉलोनी सोसायटी का 9 लाख का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

माँ नगर कॉलोनी के रहवासियो से रजिस्ट्री के वक्त सोसायटी शुल्क कॉलोनाइजर द्वारा लिया गया था, जिसे नियमानुसार कॉलोनी पूरी होने के बाद कॉलोनी सोसायटी को हैंडओवर कर देना था। किंतु अब तक कॉलोनाइनर ने सोसायटी शुल्क का करीब 9 लाख रूपए समिति को नहीं दिया है। ऐसे में कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर जनदर्शन में इसकी शिकायत की है।




- कॉलोनावासियों ने कलेक्टर से की शिकायत

इस संबंध में कॉलोनीवासियों ने बताया कि टीवी टावर रोड स्थित माँ नगर कॉलोनी के कॉलोनाइजर हलधर चौधरी और दया सागर मिश्रा के द्वारा जेएमडी बिल्डर्स के नाम से प्लाट काट कर कॉलोनी विकसित की। क्रेताओं को रजिस्ट्री के वक्त ही इकरारनामा करते हुए सोसायटी शुल्क ले ली गई। नियमानुसार कॉलोनी को विकसित करने के बाद कॉलोनाइजर को सोसायटी शुल्क को कॉलोनी समिति को हस्तांतरित करना चाहिए था, किंतु अब तक न तो कॉलोनाजर ने कॉलोनी डेवलप किया और ना ही शुल्क हस्तांतरित की है। कई बार उसे कॉलोनी में अपूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करने की मांग की गई है, किंतु हमेशा वह इस बात पर टालमटोल करता रहा है।

## पीएफ की राशि पाने 6 माह से चक्कर काट रहा युवक, कंपनी के खिलाफ की शिकायत

**रायगढ़।** अग्रोहा स्टील एंड पावर लिमिटेड के कर्मचारी को भविष्य निधि की राशि पाने के लिए करीब 6 माह से चक्कर काटने पड़ रहे। पहले तो कंपनी ने उसकी भविष्य निधि की रकम को किसी अन्य कर्मचारी के खाते में ट्रांसफर कर दिया, जब इसकी शिकायत पीड़ित कर्मचारी ने की तो दबाव बढ़ने के बाद कंपनी ने रकम वापस करने के बजाए पीडित कर्मचारी को ही नौकरी से निकाल दिया।



- कंपनी पर पड़ा दवाब तो नौकरी से निकाला

इस संबंध में पीडित कर्मचारी मनीष कुमार शर्मा पिता चंद्रसेन ने बताया कि वर्ष 2023 में उसे जब पैसों की जरूरत थी तो उसने अपने भविष्य निधि से राशि निकलवाने का आवेदन किया। जिसके बाद उक्त कंपनी प्रबंधन ने राशि मनीष कुमार पिता चमारदास के खाते में जमा कर दिया है। जबकि अहम बात यह है कि मनीष कुमार 14 मार्च2021 को ही वह कंपनी छोड़ कर जा चुका है। यह प्रकरण 2023 का है। ऐसे में कंपनी प्रबंधन ने पीड़ित कर्मचारी के भविष्यनिधि की राशि को लेकर बड़ी हेराफेरी की है। पीड़ित कर्मचारी ने जब इस संदर्भ में कार्यालय क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त रायपुर के पास संपर्क किया तो पता चला कि कंपनी ने इस मामले में उदासीनता बरतते हुए केवल एक आवेदन ही प्रेषित कर इतिश्री कर लिया था। जबकि कंपनी ने इसके लिए चालान ही जमा नहीं किया है। जब इस बात की जानकारी पीड़ित कर्मचारी को हुई तो उसने कंपनी प्रबंधन से इसका कारण जानते हुए कई उच्चाधिकारियों सहित संबंधित विभागों में भविष्यनिधि पाने के लिए आवेदन किया। जब संबंधित विभागों की तरफ से कंपनी प्रबंधन पर दबाव बढ़ने लगा तो कंपनी ने पीडित कर्मचारी का भविष्यनिधि का भुगतान उसके खाते में ट्रांसफर करने के बजाए उसे नौकरी से ही बर्खास्त कर दिया।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने किया पौधरोपण

**सारंगढ़।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा जिला स्तरीय वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन नवीन जिला कार्यालय सारंगढ़ परिसर में 200 पौधों का रोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा और वर्षा बंसल जिला शिक्षा अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर जिला आयुक्त एवं जिला नोडल नरेश चौहान एबीईओ मुकेश कुर्रे, आर के जांगड़े रहे। इस कार्यक्रम का प्रतिवेदन जिला संगठन आयुक्त शंकर लाल साहू एवं जिला संगठन आयुक्त लिंगराज पटेल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा और वर्षा बंसल जिला शिक्षा अधिकारी एवम डिप्टी कलेक्टर तथा विशिष्ट अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी से बचने पौधरोपण कर संरक्षण करने संबोधित किया। जिला मुख्यालय आयुक्त पवन नायक ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के उद्देश्य तथा जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिंह साहू लीडर ट्रेनर ने पौधों के संरक्षण एवं महत्व को बताया। इस कार्यक्रम में जिला सचिव दीपक पाण्डेय, सहायक जिला संगठन आयुक्त भागवत साहू ने भी शामिल होकर पौधरोपण में महत्वपूर्ण योगदान दिए।

## 15 साल पहले नहर निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण, अब तक मुआवजा अप्राप्त

### ओडेकेरा के किसान ने कलेक्टर जनदर्शन में की मुआवजें की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केलो परियोजना के तहत निर्मित हो रही नहर के तहत करीब 15 वर्ष पहले ही ओड़ेकेरा के किसान की भूमि अधिग्रहित कर ली गई, किंतु शासन उसे मुआवजा देना ही भूल गया। स्थिति यह है कि अब किसान वर्तमान बाजार मूल्य के हिसाब से मुआवजे की मांग कलेक्टर के माध्यम से शासन से कर रहा है।



इस संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ओड़ेकेरा निवासी मानस साहू ने बताया कि उसकी करीब 35 डिसमिल जमीन तुरूंगा गांव में है। इसी जमीन से केलो परियोजना की नहर गुजरनी है। ऐसे में वर्ष 2009-10 में उसकी उक्त भूमि को शासन नहर निर्माण के लिए अधिग्रहित कर लिया। उस वक्त इस जमीन की कीमत करीब 10 लाख रूपए थी, किंतु उस वक्त से लेकर अब तक वह मुआवजा पाने के लिए भटक रहा है। इन 15 वर्षो में कई बार उसने शासन प्रशासन से लिखित व मौखिक तौर पर मुआवजा प्रदान करने की मांग की, लेकिन उसके हाथ निराशा के अलावे और कुछ न लगा। ऐसे में किसान अब वर्तमान बाजार मूल्य के हिसाब से मुआवजे की मांग कर रहा है। किसान का कहना है कि यदि वर्तमान में वे इस भूमि पर खेती किसानी करते तो उन्हें इसका फायदा होता और आमदनी भी होती, चूंकि अब यह भूमि अधिग्रहित है तो ऐसे में वे इससे भी वंचित हैं।

सरसीवां से माता नाला तक जानलेवा गड्ढे बन गए, आवागमन बाधित

# सरसीवां-सरायपाली मुख्य मार्ग मरम्मत के अभाव में जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवां

सरसीवां सरायपाली मार्ग के रख रखाव के अभाव में जहां डामर की परतें उखड़ने से जगह.जगह गड्ढे बन गए हैं जिससे आवागमन बाधित हो रही है। सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

सरसीवां से लेकर माता नाला तक बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। इसी तरह डामर की परते उखड़ने से वाहन चलाने में परेशानी हो रही है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत करने में लापरवाही बरती जा रही है। सड़क किनारे के घरों का पानी निकासी सड़क पर होने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। बारिश के समय किचड़ से तो बाकि समय धूल की गुबार से लोग परेशान रहते हैं। कीचड़ से राहगीरों को परेशानी हो रही है। बताया गया है कि पीडबल्यूडी विभाग द्वारा सड़क मरम्मत रिनिवल का काम कराया गया था मगर साल भर के भीतर ही सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क मरम्मत करने की मांग की है मगर पीडब्ल्यूडी विभाग मरम्मत करना तो दूर गड्ढे भरने का काम भी नहीं कर रहा है। यह ज्ञातव्य हो कि सिरपुर, सरायपाली, सरसीवां, हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पूरे सड़क का रिनुअल कार्य दो तीन वर्ष पहले ही कराया गया था मगर ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की आवश्यकता पड़ रही है। सड़क का इतनी जल्दी खराब होना कहीं न कहीं सड़क निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही का ही परिणाम है।



सड़क किनारे साइड सोल्डर की सफाई नहीं सड़क किनारे फुटपाथ साइड सोल्डर की नियमित सफाई नहीं होने से बरसाती झाड़ियां उग आई हैं। सड़क किनारे उगे बेर, बबुल, गोहेरा, खजूर की कंटिली झाड़ियां राहगीरों के लिए काफी खतरनाक साबित हो रही है। कई झाड़ियां तो अब पेड़ बन चुकी है। सड़क किनारे इन झाड़ियों का नियमित साफ.सफाई नहीं होने से आए दिन दुर्घटना हो रही है।

## जेएसपी फाउण्डेशन की निशुल्क कोचिंग से अपने भविष्य की मनचाही राह चुन रहे बच्चे

**तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार द्वारा संचालित कोचिंग कक्षाओं में अध्ययनरत ग्रामीण नौनिहाल बच्चों का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नवोदय, एकलव्य आदिवासी विद्यालय एवं जवाहर उत्कर्ष आवासीय विद्यालय में होने से परिजनों एवं क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

अब ये प्रतिभाशाली बच्चे रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ शासन के सर्वसुविधा सम्पन्न उच्च आवासीय विद्यालयों में अपने प्रतिभा सम्पन्नता के बल पर कक्षा 6 से 12 वीं तक निःशुल्क विद्यार्जन कर अपने, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। ज्ञातव्य हो कि जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार अपने सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के नौनिहाल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्धता एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं में दाखिला सुनिश्चित करने के लिए कोचिंग कक्षा का संचालन ग्राम लिबरा के कम्यूनिटी लर्निंग सेंटर सीएलसी लिबरा में कर रही है। जिसमें क्षेत्र के 28 जरूरतमंद ग्रामीण बच्चे विभिन्न विषय का विषेशज्ञ शिक्षकों से कोचिंग ले रहे हैं। इन सेंटर में अध्ययनरत कु. नीलिमा चौहान, झिंकाबहाल, कु.अंजली मांझी, सारसमाल, आशिष भगत, लिबरा, मनीष भगत, कोसमपाली, मंजेश साने, लिबरा का चयन क्रमशः जवाहर उत्कर्ष विद्यालय रायगढ़ एवं एकलव्य आदिवासी विद्यालय, चोढ़ा खरसिया में हुआ है।

## खबर संक्षेप



### वेतन विसंगति को लेकर न्यायिक कर्मचारी संघ ने की प्रार्थना सभा

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ द्वारा वेतन विसंगति दूर करने के संबंध में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा में भारत भर के सभी राज्यों के न्यायिक कर्मचारियों को दिए जा रहे असमान वेतनमान के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जी से प्रार्थना की गई कि वह राज्य शासन को सद्बुद्धि दे। छत्तीसगढ़ के न्यायिक कर्मचारियों को अन्य राज्यों की तरह ही उच्च स्तरीय वेतनमान प्रदान किया जाए। न्यायिक कर्मचारी संघ प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन सरगुजा के जिला संयोजक कमलेश सोनी, सीएम मिश्रा, अनिल तिवारी, प्रामोद सिंह, अजीत सिंह, श्रीकांत चौबे, एसएल मालवीय, रवि सिंह, हरिशंकर सिंह, धनेश प्रताप सिंह शामिल हुए और न्यायिक कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

### गांवों में शुरू किया गया नशा उन्मूलन अभियान



**अम्बिकापुर।** ग्राम साल्ही में नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाया गया। कार्यक्रम पीईकेबी के कर्मचारियों एवं परसा व साल्ही गांव के ग्रामीणों सहित कुल 87 लोगों ने भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब, तंबाखू सहित नशा युक्त पदार्थों के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रजापति ब्रह्मकुमारी की सुश्री विद्या दीदी, संभव महिला मंच की सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री वंदना दत्ता, योग प्रशिक्षक अजय तिवारी, नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी सुरेंद्र साहू, सामाजिक कार्यकर्ता मंगल पांडे, नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक अनिल मिश्रा शामिल हुए। सुश्री विद्या दीदी ने शराब मुक्त जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रेरक बातें कही। साथ ही समूह चर्चा में प्रतिभागियों को शामिल करने और शराब विरोधी संदेश को मजबूत करने की बात कही।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार करंजी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सनियाडीह निवासी तिलकधारी आ. स्व. माया राम (44 वर्ष) 27 जून की सुबह लगभग 9 बजे घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। ग्रामीण की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी दिलू बाई ने पुलिस को बताया कि तिलकधारी की दिमागी हालत पिछले तीन माह से ठीक नहीं था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति पुनर्गठित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार जिला सरगुजा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियम के जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर अम्बिकापुर सुनील कुमार नायक, पदेन सदस्य अम्बिकापुर थाना आजाक उप पुलिस अधीक्षक, आदिम जाति सदस्य सहा. अनुसंधान अधिकारी महेन्द्र खाण्डेकर, अजजा सदस्य सहायक संचालक कु. अंकिता मरकाम, अपि सदस्य परियोजना अधिकारी साक्षरता गिरिश गुप्ता तथा पदेन सदस्य सचिव आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त होंगे।

### थर्ड जेंडर से मारपीट, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** थर्ड जेंडर से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीतापुर अंतर्गत सोनतराई निवासी सबनम टोप्पो तृतीय लिंग की है और शहर के जरहागढ़ में रहकर भिक्षावृत्ति कर जीवन यापन करती है। सबनम टोप्पो 6 जुलाई को बस स्टैंड में लोगों से भिक्षा मांग रही थी इस दौरान एक व्यक्ति से भिक्षा मांगने पर उसने थर्ड जेंडर सबनम से गाली गलौज की और उसके होंठ को काट दिया जिससे खून निकलने लगा। इस मामले में पुलिस ने घेराबंदी कर बलरामपुर के रघुनाथनगर करमडीहा जनकपुर निवासी 30 वर्षीय राम शुभक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 118(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## प्रशासनिक भवन में विभिन्न विभागों के लिए कम पड़ रही जगह

# भकुरा परिसर में नहीं है मूलभूत सुविधाएं, विवि कर रहा कार्यालय स्थानांतरित करने की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थापना के बाद से भवन की समस्या से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन इसी माह प्रशासनिक भवन एवं शैक्षणिक विभागों को ग्राम भकुरा स्थित निर्माणाधीन परिसर में स्थानांतरित करने की तैयारियां कर रहा है। अभी भी परिसर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। ऐसे में कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के नए परिसर में संचालन में अधिकारी-कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को भारी परेशानी से जूझना पड़ेगा।

**खास बातें**

- स्थापना के बाद से ही उधार के भवन में चल रहा यूडीटी
- निर्माणाधीन परिसर में नहीं हैं सुविधाएं

विवि के भकुरा परिसर में वर्षों से चल रहे भवनों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। कुछ भवनों का निर्माण पूरा हुआ भी है तो उपयोग नहीं हो पा रहा है। इधर स्थापना के बाद शासकीय भवन में संचालित हो रहे प्रशासनिक भवन में जगह कम होने के कारण संचालन में समस्याएं आ रही है। विवि के अधिकारियों ने भकुरा परिसर में चल रहे कार्यों में तेजी लाने के साथ ही जगह की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से इस महीने प्रशासनिक कार्यालय व शैक्षणिक विभागों को नए परिसर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। फिलहाल ऑडिटोरियम भवन को प्रशासनिक कार्यालय के लिए तैयार किया गया है जबकि यूटिलिटी बिल्डिंग एवं निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के भूतल में शैक्षणिक विभागों का संचालन करने की तैयारी है।



भकुरा परिसर में निर्माणाधीन भवन।

**सड़क के नाम पर पथरीले घाट**

वर्ष 2016 में विवि द्वारा मुख्य मार्ग से विवि परिसर तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था जो अब जर्जर हो गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। विवि के मुख्य द्वार से निर्माणाधीन कार्यालय भवनों एवं आवासीय परिसर तक अभी सड़क नहीं बनी है। विवि द्वारा परिसर में आवागमन के लिए जेसीबी से कच्ची सड़क तैयार की गई है। पहाड़ी क्षेत्र की सड़क घाटनुमा है। सड़क में कहीं ऊंची चढ़ाई है तो कहीं खाई। बरसात में सड़क की मिट्टी पूरी तरह से बह जाती है तथा पत्थर के बड़े-बड़े टुकड़े बच जाते हैं। ऐसे में वाहन चलाना तो दूर पैदल चलने में भी समस्या होती है। फिलहाल परिसर से सड़क बनाने के लिए फंड उपलब्ध नहीं है लिहाजा विवि अपनी जेसीबी से कच्ची सड़क की बाधाएं दूर करने का प्रयास कर रहा है। परिसर में लाइट एवं सुरक्षा की व्यवस्था भी बड़ी चुनौती है।

एसजीजीयू का भकुरा परिसर जंगल एवं पहाड़ का हिस्सा है। परिसर की भूमि पर अतिक्रमण कर कुछ ग्रामीणों ने अपने मकान बनाए हैं परिसर के निकट कोई गांव नहीं है। पहाड़ का हिस्सा होने के कारण परिसर में भूजल का स्त्रोत पर्याप्त नहीं है। वर्तमान में परिसर में सबसे बड़ी समस्या शुद्ध पानी की है। विवि द्वारा परिसर स्थित ट्यूबवेल से ऑडिटोरियम भवन में पेयजल की व्यवस्था की है। ट्यूबवेल से भवन के ऊपर रखे पानी टंकी को भरा जाएगा तथा पूरे भवन में पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस व्यवस्था से प्रशासनिक भवन की जरूरतें तो पूरी हो जाएगी लेकिन शैक्षणिक विभागों एवं संभागभर से विवि कार्यालय पहुंचने वाले अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। भविष्य में आवासीय भवनों में पानी की आवश्यकता पड़ेगी जिसके लिए अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। परिसर में सुरक्षा, लाइट, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। ये कमियां विवि परिसर को आबाद करने की दिशा में बड़ी बाधा साबित हो सकती है।

**6 साल में नहीं बना जलागार**

शासन द्वारा विवि के भकुरा परिसर में जलागार बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। विवि ने शासन ने मिली संपूर्ण राशि लोनिवि को दे दी थी। लोनिवि ने वर्ष 2018 में जलागार के लिए स्वीकृत 1.20 करोड़ में से 30 लाख रूपए पीएचई को ट्रांसफर कर दिया था। पीएचई ने परिसर में एक दर्जन से अधिक ट्यूबवेल खनन कराया जिसमें 3 को छोड़कर सभी असफल निकले। इन्ही तीन ट्यूबवेल के पानी से भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण ट्यूबवेल खनन कराने के बाद पीएचई के अधिकारियों ने जलागार निर्माण की पहल नहीं की। लोनिवि के अधिकारी भी मामले में चुप्पी साधे रहे। कार्यालय शैक्षणिक विभागों के परिसर के निर्माणाधीन भवनों में स्थानांतरण की तैयारियों के दौरान जलागार की जरूरत महसूस हुई तो अधिकारी अब सक्रिय हुए हैं। मामले में संभागायुक्त ने परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को तत्काल जलागार निर्माण प्रारम्भ करने के साथ ही अन्य अधूरे निर्माणों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**संभागायुक्त ने दिए हैं निर्देश**

संभागायुक्त ने तकनीकी विभाग के अधिकारियों के साथ भकुरा परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। परिसर में अपने स्तर से सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुल सचिव, एसजीजीयू



### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पटवारी, किया धरना-प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** प्रदेश संगठन के अह्वान पर अपनी 32 सूत्रीय मांगों के समर्थन में राजस्व पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं पटवारी संघ इस बार मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल के जारी रखने के मुड़ में है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे के नेतृत्व में सोमवार को पटवारियों ने पूरे दिन धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष श्री चौबे ने बताया कि भूईयां पोर्टल की गड़बड़ियों के कारण पटवारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल की समस्याओं के निराकरण के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है लेकिन शासन द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है। भुईयां पोर्टल में आ रही त्रुटियों एवं परिवर्तन के लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। संघ की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण के लिए भी शासन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। पटवारियों को आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने के कारण कार्य में कई बाधाएं आ रही हैं। शासन द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं करने के कारण संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल से नियमित राजस्व कार्यों के साथ ही राजस्व पखवाड़ा, स्कूली बच्चों का आवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे, संतोष अग्रवाल, शारदा सिन्हा, अंजू व्यास, शैलेन्द्र कुमार, नवीन श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

**राजपुर।** प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले राजपुर पटवारी संघ ने आज तहसीलदार यशवंत कुमार सिंह को पटवारियों 32 बिंदुओं पर मांग करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। पटवारी सोमवार से हड़ताल पर चले गए है। प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के राजपुर पटवारी संघ के अध्यक्ष पवन पांडेय के नेतृत्व में संघ द्वारा विगत वर्षों से लंबित पटवारियों के 32 बिंदु पर मांगो, पटवारियों की समस्याओ के निराकरण के संबंध में शासन को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था जिसका निराकरण नहीं होने पर आज से प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन आन्दोलन पर तहसील राजपुर के सभी पटवारी समस्त शासकीय कार्य को बंद कर हड़ताल में रहेंगे। इस अवसर में रजाउल हसन, विशाल अग्रवाल, विकाश एक्का, अमरजीत भगत, अनंत साय, राहुल सिंह, आशा पैंकरा, आदि पटवारी थे।

## गीता के नियमित पाठ से मिलता है विषम परिस्थितियों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मालवीय मिशन द्वारा रविवार को पं.सुनील दत्त पाण्डेय के निवास पर गीता पाठ एवं आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। अध्यात्मिक संगोष्ठी में पं.दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि गीता का नियमित पाठ करने से व्यक्ति की चेतना प्रखर और आध्यात्मवादी बन जाती है। दुविधाएं दूर होती है। परिवार के विषम से विषम परिस्थितियों का समाधान निकालने में व्यक्ति सक्षम बनता है। पं.ललित मोहन तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना के लिए व्यक्ति को ध्यान योग करना चाहिए। ध्यान योग की साधना से व्यक्ति के विचारों में स्थायित्व आता है। विद्यार्थी जीवन में यह बहुत लाभदायक है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि कर्म को पूजा मानकर व्यक्ति अपनी दिनचर्या करता है तो वह साधक बन जाता है। अनियमित दिनचर्या से व्यक्ति में अनेकों बीमारियों का जन्म होता है जिससे वह शारीरिक और मानसिक कष्ट झेलता है। भगवान श्री कृष्ण हमेशा कर्म करने का संदेश दिये है। सुनील दत्त पाण्डेय ने कहा कि व्यक्ति और व्यक्तित्व की पूजा आदि काल से की जा रही है। भगवान श्री कृष्ण हो या श्रीराम इनका जन्म मनुष्य रूप में हुआ। उनके कर्म और चरित्र का हमें अनुश्रवण करना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य में भी इनके बतायें मार्ग पर चलने वालों की पूजा होती है। रामनारायण शर्मा, प्रकाश कश्यप, हरिशंकर सिंह, डॉ.राहुल आर्य, अशोक सोनकर ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रणविजय सिंह तोमर ने किया।

## डीईओ के निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर शिक्षकों को जारी किया गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने सोमवार को विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया इस दौरान प्राथमिक शाला लालमाटी में दर्ज संख्या 40 में से 26 बच्चे उपस्थित मिले। विद्यार्थियों की कम उपस्थिति होने पर सहायक शिक्षक फूलवन्ती राजवाड़े व नीलम पटेल को स्पष्टीकरण जारी किया गया।



बच्चों से सवाल पूछते डीईओ।

शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला लालमाटी के निरीक्षण में दर्ज संख्या 40 में से 14 बच्चे उपस्थित मिले। शिक्षक दैनन्दिनी अपूर्ण तथा शिक्षा का स्तर अत्यंत कमजोर पाया गया। कुल दर्ज संख्या के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना अधिक पायी गयी। विद्यालय में 40 विद्यार्थियों हेतु कुल 5 शिक्षक पदस्थ है इसके बावजूद विद्यार्थियों का स्तर अत्यंत कमजोर पाया गया। लापरवाही पर प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती उषा सोनी, श्रीमती अनिता सिंह, श्रीमती पूजा यादव व श्रीमती साहिला बानो को स्पष्टीकरण जारी किया गया।

पूर्व माध्यामिक शाला सुमेरपुर के निरीक्षण में दर्ज संख्या 41 में 25 बच्चे वहीं प्राथमिक शाला सुमेरपुर में दर्ज 44 में से 37 बच्चे उपस्थित मिले। दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता संतोषप्रद पायी गयी। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यामिक शाला सायर राई के निरीक्षण के दौरान परिसर की साफ-सफाई एवं मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण तरीके से संचालित कराने निर्देश दिया गया। शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला जरहाडीह के निरीक्षण में शिक्षक अपनी कक्षाओं में अध्यापन करते मिले। डीईओ ने गणित, अंग्रेजी व विज्ञान के प्रश्न विद्यार्थियों से किए जिनका जवाब विद्यार्थियों ने सही दिया। इस दौरान डीईओ ने संस्था प्रमुखों को जिले के नव पदस्थ अधिकारियों के नाम एवं उनके मोबाइल नंबर अपडेट करने के निर्देश दिये। इस दौरान समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना अधिकारी रविशंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

## मांगों के समर्थन में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया डीन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

डीन के खिलाफ कर्मचारियों का आक्रोश, मेडिकल कॉलेज में मनमानी का आरोप

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रांतीय महामंत्री अनिल पाण्डेय के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं के विरूद्ध धरना प्रदर्शन कर अधिष्ठाता का घेराव किया। प्रांतीय महामंत्री श्री पाण्डेय ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने के बाद प्रबंधन द्वारा लगातार शासन के नियमों को दरकिनार कर विभागीय नियुक्ति एवं पदोन्नति की जा रही है। संघ द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रशासन, कलेक्टर एवं कमिश्नर इसकी लगातार शिकायतें की गई परंतु कारगर कार्रवाई नहीं होने के कारण मजबूरन स्वास्थ्य कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन करना पड़ा। प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.मूर्ति से मिलकर अपनी मांगों से अवगत कराया। डीन ने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन संघ की मांगों का परीक्षण कर कार्रवाई कर रहा है। छह मांगों में से 2 पर कार्रवाई करते हुए भर्ती विज्ञापन में संशोधन किया गया है। अन्य मांगों का परीक्षण कर उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर कार्रवाई की जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि डीन से सकारात्मक चर्चा हुई है। डीन ने सभी मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई तो 15 दिवस पश्चात संघ अनिश्तिकालीन आंदोलन करने पर विचार करेगा। इस दौरान दुर्गेश त्रिपाठी, श्यामाकांत त्रिपाठी, हेमन्त मरावी, मो.अब्दुल जाकिर, मिथलेश यादव, ओंकार पाण्डेय, इंद्रसेन विश्वकर्मा, शैलेंद्र भगत, श्रीमती करिश्मा केरकेट्टा, श्रीमती योगिता ठाकुर, श्रीमती चन्द्रकिरण सिन्हा, लक्ष्मी बैरागी सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।




धरना-प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

## क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेंद्र को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेन्द्र प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन के बाद सरगुजा क्रिकेट जगत में शोक की लहर है। सरगुजा क्रिकेट संघ द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन उनके पुराने बस स्टैंड स्थित घर में किया गया। शोक सभा में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के क्रिकेट संघ के संरक्षक टीएस सिंहदेव सहित सभी खिलाड़ी और नागरिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री सिंहदेव ने कहा कि अपने समय के मध्यम गति के तेज गेंदबाज रहे सोमेन्द्र प्रताप सिंह ने क्रिकेट खेल के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया और अपने खेल जीवन में अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरगुजा के खेल जगत के लिए उनका जाना काफी दुखद है। सरगुजा क्रिकेट संघ के सचिव विनित विशाल जायसवाल ने कहा कि सोमेन्द्र प्रताप सिंह क्रिकेट के लिए लगातार बढ चढ कर हिस्सा लेते थे। मैदान में जब भी संघ के लोगों को और खिलाड़ियों को उनकी जरूरत होती तो वे हमेशा साथ देते थे और बच्चों को अपने अनुभव का लाभ देते थे। शोक सभा के दौरान त्रिभुवन सिंह, संजय सिंह, डॉ. विश्वजीत जायसवाल, शानू मुखर्जी, निर्मल सोनी, सारंगधर सिंह, शैलू सिंह, विवेक सिंह, राजेश अग्रवाल, अशोक सिंह, अभय त्रिपाठी, विकास शर्मा, जीवन यादव, ज्ञानेश्वर सिंह, अलंकार तिवारी, नितिन तिर्की, कार्तिक शर्मा, आयुष सिंह सहित अन्य खिलाडी उपस्थित थे।



## अंकसूची व टीसी के लिए स्कूल का चक्कर लगा रहे कक्षा 5वीं के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

शासन प्रशासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजनाएं संचालित की जा रही है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। लेकिन जिले के बतौली शिक्षा विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। आलम यह है कि कक्षा पांचवी के परीक्षा समाप्त हुए 3 महीने हो जाने के बाद भी आज तक दो प्राथमिक शाला स्कूलों में अंक सूची और टीसी बच्चों को वितरण नहीं किया गया है। ऐसे में बच्चे अंक सूची व टीसी के लिए स्कूल का चक्कर लगाने को मजबूर है।विकासखंड बतौली के दूरस्थ व पहाड़ी कोरवा बाहुल्य ग्राम पंचायत गोविंदपुर के प्राथमिक शाला स्कूल और प्राथमिक शाला लोटापारा स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा न सिर्फ बड़ी लापरवाही बरती गई है बल्कि नए शिक्षा सत्र शुरू हो जाने के बावजूद बच्चों को अंकसूची व टीसी वितरण नहीं किया गया। पिछले शिक्षा सत्र में दोनों स्कूल के कक्षा पांचवी के 27 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण होने के बाद अंकसूची और टीसी लेने के लिए स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं जिससे नए शिक्षा सत्र में कक्षा छठवीं में प्रवेश ले सके। लेकिन लापरवाह दोनों स्कूल के प्रधान पाठक नई शिक्षा सत्र शुरू होने के बावजूद आज तक स्कूल नहीं पहुंचे हैं। ऐस में अंक सूची व टीसी के अभाव में 27 छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इधर अभिभावक अंकसूची और टीसी के लिए हर रोज बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचते है लेकिन प्रधान पाठक के नदारद रहने से निराश होकर वापस लौट जाते है। ऐसे में अभिभावकों में आक्रोश है और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है।

- बतौली शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही
- तीन माह बाद भी बच्चों को वितरण नहीं किया अंकसूची व टीसी




**की जाएगी कार्रवाई**

कक्षा पांचवी के दोनो प्राथमिक शाला के बच्चों को अंकसूची व टीसी वितरण नहीं किया गया है इसकी जानकारी नहीं है। शिक्षकों द्वारा की गई लापरवाही पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-**शरद चंद मेषपाल**, बीईओ बतौली

## सड़क पर दौड़ते मवेशी से टकराकर घायल हुआ एलआईसी अभिकर्ता

**बिश्रामपुर।** बारिश शुरू होने के साथ सड़को में डेरा जमाए आवारा मवेशी दो पहिया वाहन सवारों के लिए काल साबित हो रहे हैं। एन एच 43 में बारामिल जंगल करमपुर मोड़ के पास अचानक दौड़ कर सड़क पर आ गए मवेशी से टकरा बाइक सवार एलआईसी एजेंट गंभीर रूप से जख्मी हो गए ।बताया गया कि भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता बिश्रामपुर चोपड़ा कॉलोनी निवासी बसंत त्रिपाठी अपने बाइक से सोमवार दोपहर अंबिकापुर जा रहे थे तभी बारामील जंगल करमपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के आगे अचानक सड़क पर दौड़ते बाइक के सामने आ गए मवेशियों से टकरा उनकी बाइक अनियंत्रित हो दुर्घटनाग्रस्त हो गई।घटना में सिर मुंह के बल गिरे त्रिपाठी को गंभीर चोट के बाद राहगीरों ने उन्हें बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया ,यहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जांच उपरांत उन्हे बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रायपुर रेफर किया है।



# बॉबी सालों तक बेरोजगार रहा शराब की भी लग गई थी लत

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने कुछ हिट फ़िल्में भी दी लेकिन फिर वो मुकाम भी आया जब इनका करियर ढलान पर चला गया। फिल्मों के ऑफर कम होते चले गए और इसने खुद को शराब की लत में डूबो लिया। वे कई सालों तक बेरोजगार रहा। लेकिन फिर किस्मत का सितारा चमका और एक सच्चा दोस्त सलमान खाने इनके लिए मसीहा बन गया। आज बॉबी सबसे बीजी पैन इंडिया स्टार बन गया है। हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के हीमैन यानी धर्मेंद्र के बेटे और सनी देओल के छोटे भाई बॉबी देओल हैं।

## लाइफ Style

# उर्फी नशे की हालत में दिखाई दीं



उर्फी जावेद ने सबका ध्यान अपनी ओर एक बार और तब खींचा जब वह मुंबई में एक पार्टी से बाहर निकलीं लेकिन सीधे चल नहीं पा रही थीं। इस दौरान उन्हें देखकर यही लग रहा था कि उर्फी नशे की हालत में हैं और उन्होंने कुछ हद से ज्यादा ही शराब पी रखी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद ने शनिवार रात को एक पार्टी में शराब पीकर आने की अटकलों को एक बार फिर से हवा दे दी है। यह अफवाह ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो से फैली, जिसमें उर्फी को चलने में दिक्कत हो रही थी। बिग बॉस ओटीटी की पूर्व प्रतिभागी उर्फी को कुछ दोस्त और उनकी बहन रेस्टोरेंट से साथ बाहर लाए। इस समय उर्फी की हालत देखकर ही पता चल रहा था कि मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर है, क्योंकि इस दौरान उर्फी की चाल बदली नजर आई। इस दौरान उर्फी ने गुलाबी रंग की शॉर्ट मिनी ड्रेस पहनी हुई थी। उर्फी ने अपने बालों को बांधा हुआ था। उर्फी हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही थी। पार्टी के बाद, जब उर्फी को उनकी कार तक बड़ी ही मुश्किलों से पहुंचाया गया। कैमरों से घबराई हुई उर्फी अपनी दोस्त और बहन को पकड़कर कार की ओर जाती दिखीं। अभिनेत्री अपनी कार तक पहुंचने में सफल रहीं और उसमें बैठ गईं, जबकि उनकी दोस्त ने कैमरामैन से पीछे हटने का अनुरोध किया। वीडियो को इंस्टाग्राम पर कई यूजर्स ने साझा किया है। अब उर्फी के इस वीडियो के बाद यूजर्स लगातार सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'वह बहुत नशे में है।'

## हॉलीवुड मसाला



# 'अफ्रेड' 30 अगस्त को होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** सोनी की साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' में जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन नजर आएंगे। यह फिल्म डिजिटल फैमिली असिस्टेंट के बारे में है जो जानलेवा बन जाता है। जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन फिल्म में अहम भूमिका में दिखाई देंगे। डिजिटल फैमिली असिस्टेंट एआईए परिवार के व्यवहार को जानती है और उनकी जरूरतों का अनुमान लगाना शुरू कर देती है। ब्लमहाउस द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अगले साल रिलीज होगी फॉर्मूला वन मूवी 'एफ1'

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के फेमस और दमदार एक्टर ब्रैट पिट की फॉर्मूला वन मूवी 'F1' की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वार्नर ब्रदर्स और एप्पल की तरफ से इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसने रोंगटे खड़े कर दिए। 'टॉप गनः मेवरिक' के डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की ने इसका निर्देशन किया है और ये फिल्म अगले साल 2025 में रिलीज होगी। 1 मिनट 45 सेकेंड के वीडियो में रेस ट्रैक और उस पर फर्राटा भरती हुईं रेसिंग कार दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा रही हैं। इस फिल्म को 25 जून 2025 को थिएटर्स में देख सकेंगे। ये यूएस और कनाडा में 27 जून को दस्तक देगी। इसका टीजर देखते ही फैंस कह रहे हैं कि ये पक्का ऑस्कर में जाएगी। 60 साल के ब्रैट पिट को एक एक्स रेसर के किरदार में देखा जाएगा, जो फॉर्मूला 1 में वापस लौटता है।



# मनीषा को फोटोग्राफर ने लगाई थी डांट...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने एक चौंकाने वाला किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार एक मशहूर फोटोग्राफर ने उनसे टू-पीस बिकिनी में पोज देने के लिए कहा था। हालांकि, वे तैराकी के लिए बिकिनी पहनती हैं, लेकिन उन्होंने फोटोशूट के लिए मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे करियर की शुरुआत में ही मुझे तस्वीरें लेने के लिए कहा गया था और वहां एक बहुत प्रसिद्ध फोटोग्राफर थे। उन्होंने कहा, 'तुम अगली सुपरस्टार हो और यह और वह।' फिर वह मेरे पास एक टू-पीस बिकिनी लेकर आया और मुझे इसे पहनने के लिए कहा। मैंने उससे कहा, 'सर, मैं इसे तब पहनती हूं, जब मैं समुद्र तट पर जाती हूं या तैराकी के लिए जाती हूं, लेकिन अगर मुझे फिल्मों में आने के लिए इस तरह से जाना है तो मैं इसे नहीं चाहती और मैं इसे नहीं पहनूंगी। तो फोटोग्राफर ने उन्हें



# डांस से करोड़ों की दौलत कमा चुके हैं...

**नई दिल्ली।** अपने स्लो मोशन डांस के जरिए लोगों का दिल जीतने वाले राघव जुयाल 10 जुलाई को अपना 33वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। राघव जुयाल अब डांसर के साथ-साथ एक एक्टर भी बन चुके हैं। उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं अब वो हालिया रिलीज फिल्म 'किल' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचा रहे हैं। जिसमें उनकी एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है। इस रिपोर्ट में हम आपके लिए राघव की लैविश लाइफस्टाइल, इनकम और नेटवर्थ की डिटेल्स लेकर आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राघव एक एपिसोड के लिए 3 लाख से ज्यादा रुपए जार्च करते हैं। इसके अलावा उनके सोशल मीडिया और ब्रांड एंडोर्समेंट से भी तगड़ी कमाई होती है।

## टीवी मसाला




# दूरदर्शन में देखिए दुनिया भर में मशहूर भारत की निधियां

**नई दिल्ली।** 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक शामिल होंगे, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करेंगे। दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके फिल्म निर्माता सतीश पांडे भारतीय दर्शकों के लिए एक नया आकर्षक शो लेकर आए हैं, जो भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त उत्पादों को दिखाने पर केंद्रित है। इस शो का नाम 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' है। इस शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक (जीआई प्रमाणित) शामिल हैं, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर रहे हैं। 'इंडियन आइडल', 'जी सिनेस्टार्स' और 'खुल जा सिम सिम' जैसे लोकप्रिय शो में अपनी मेजबानी के लिए जाने जाने वाले अनुभवी भारतीय अभिनेता अमन वर्मा इस नए शो के होस्ट हैं। यह शो 6 जुलाई से शुरू हो चुका है। यह शो दर्शकों को भारत की समृद्ध कृषि, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस शो का प्रसारण दूरदर्शन के प्रमुख चैनल डीडी नेशनल पर हर शनिवार सुबह 11 बजे और इसका पुनः प्रसारण शाम चार बजे हो रहा है।

# अरमान के थप्पड़ कांड के बाद इस गायक का जीना मुश्किल



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय गायक और संगीतकार अरमान मलिक अपने कई दिल को छू लेने वाले गानों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, वे अपने जीवन को कम महत्वपूर्ण रखना पसंद करते हैं, लेकिन गायक की हाल ही में की गई प्रतिक्रिया ने सुर्खियां बटोरी हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अरमान ने उन लोगों के लिए एक लंबा स्पष्टीकरण नोट साझा किया है, जो उन्हें बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के प्रतिभागी अरमान मलिक के साथ जोड़ रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं। मेरा इस व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है और मैं किसी भी तरह से उसका या उसकी जीवनशैली का समर्थन नहीं करता हूं। यह स्थिति मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही है और इतने सारे लोगों को गुमराह कर रही है, जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है।

# आसान नहीं है पैरेंटिंग



**नई दिल्ली।** हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने कहा, 'यह एक आधुनिक परिवार है। यह एक अलग परिस्थिति है, इसलिए अब मैं भी बच्चों के इस सवाल से जूझ रहा हूं कि वह किसके पेट से पैदा हुए? लेकिन मम्मा सच में मम्मा नहीं हैं, वह दादी हैं। मैं स्कूल जा रहा हूं, काउंसलर के पास, यह पूछने के लिए कि हम इस स्थिति से कैसे निपटें? और यह आसान नहीं है, माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता।' इसके अलावा, करण ने कहा कि वह अपनी असुरक्षाओं को अपने बेटे पर थोप रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जब वह अपने बेटे को चीनी खाते और वजन बढ़ते देखते हैं, तो उन्हें उसके बारे में चिंता होने लगती है। मैं उससे यह नहीं कहना चाहता, क्योंकि यही वह उम्र है, जिसमें मैं उसका जीवन जीना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वह खुश और प्रसन्न रहे, क्योंकि वह एक खुश बच्चा है। वह अपने बेटे को क्रिकेट या फुटबॉल खेलने और वे सभी चीजें करने के लिए कहते हैं जो उन्होंने नहीं कीं। मुझे ऐसा माता-पिता नहीं बनना चाहिए। मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा अपनी पसंद का व्यक्ति बने, मेरी बेटी और मेरा बेटा दोनों। फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उन्होंने अपने बेटे को डांट लगाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।

# जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं शबाना आजमी, कैसे हुआ प्यार, खुद एक्ट्रेस ने बताया



***नई दिल्ली*** *। शबाना आजमी और जावेद अख्तर को इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक माना जाता है। दोनों की जोड़ी शुरुआत से ही फैंस की फेवरेट रही है।अब एक्ट्रेस ने अपने नए इंटरव्यू में बताया है कि शुरुआती दिनों में वो जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं और उनसे दूरी बनाए हुए थीं। हालांकि बाद में उन्हें समझ आया कि उनकी सोच गलत है। अरबाज खान के टॉक शो 'द इनविंसिबल सीरीज' में बात करते हुए शबाना ने बताया कि जावेद अख्तर शुरुआती दिनों में उनके पिता से मिलने उनके घर आया करते थे। शबाना के पिता मशहूर उर्दू कवि कैफी आजमी थे। उन्होंने कहा, 'हम दोनों के ही पिता कम्युनिस्ट और गीतकार थे। हमारे बैकग्राउंड मिलते-जुलते थे। उन दिनों उन्होंने (जावेद अख्तर) शायरी सुनाना शुरू किया था और वो मेरे अब्बा को अपना लिखा हुआ सुनाने घर आते थे।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'लेकिन मैंने उनसे दूरी बनाई हुई थी, क्योंकि मैंने सुना था कि सलीम-जावेद की जोड़ी घमंडी है और उनसे दूर रहना ही अच्छा है। तो मैंने उनपर खास ध्यान नहीं दिया था। मेरी फिल्म स्पर्श (1980) देखने के बाद उन्होंने बहुत तारीफ की थी। फिर वो मेरे घर आए और हम सभी, जिन्होंने फिल्म में काम किया था, उन्हें आमंत्रित किया। उन्हें फिल्म का हर डायलॉग याद था और हम सभी की छोटी-छोटी बातें और डिटेल्स याद थीं। तब मुझे समझ आया कि वो अच्छी समझ वाले इंसान हैं। उसके बाद से मैं जब भी उनके साथ बैठती थी मुझे एहसास होता था कि वो और मेरे अब्बा एक जैसे हैं। मुझे महसूस हुआ कि वो मेरे लिए सही इंसान हैं और इसी तरह हमारे रिश्ते की शुरुआत हुई।' शबाना आजमी ने इसी इंटरव्यू में ये भी खुलासा किया कि जावेद अख्तर अपनी जिंदगी में शराब की लत का सामना भी कर चुके हैं। ये वक्त गीतकार के साथ-साथ शबाना के लिए भी बेहद मुश्किल था। एक्ट्रेस ने कहा था कि जावेद जानते थे कि अगर वो यूं ही शराब पीते रहे तो ज्यादा वक्त जिंदा नहीं रहेंगे और उन्हें क्रिएटिव तौर पर अपना काम करने का मौका नहीं मिलेगा। शबाना और जावेद ने 9 दिसंबर 1984 को शादी की थी।*

# तंगी में बीता बचपन, छोटे से फ्लैट में किया गुजारा! आज 550 करोड़ की मालकिन है ये बच्ची

नई दिल्ली। बॉलीवुड में हर एक्टर और एक्ट्रेस की अपनी एक कहानी है। किसी ने स्ट्रगल किया तो किसी को ये फेम विरासत में मिला। आज आपको एक ऐसी ही हसीना की अनसुनी कहानी बताने जा रहे हैं। बॉलीवुड की इस हसीना का नाम आज के दौर की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार किया जाता है। इस एक्ट्रेस ने बेहद कम उम्र में खुद को साबित किया है और अपने हुनर के दम पर नेशनल अवॉर्ड तक जीता। साल 2012 में डेब्यू करने वाली इस एक्ट्रेस ने 12 सालों के करियर में 22 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। आज वे बेशुमार दौलत की मालिकन हैं। लेकिन इस अदाकारा ने अपने बचपन में बहुत-सी परेशानियों को झेला है। हम जिस अदाकारा की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि साल 2012 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आलिया भट्ट हैं।



आलिया भट्ट के पास ना तो आज शोहरत की कमी है और ना दौलत का अभाव है। लेकिन एक्ट्रेस का बचपन बहुत तंगी में गुजरा है। एक फिल्म डायरेक्टर की बेटी होकर भी उन्होंने एक छोटे से फ्लैट में अपने दिन काटे। इस बात का खुलासा खुद उनकी मां सोनी राजदन ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था।

सोनी राजदन ने खुलासा किया था कि जब आलिया छोटी थीं तब वे खुद को सिंगल पेरेंट जैसा महसूस करती थीं। इसकी वजह ये थी कि महेश भट्ट काम में बहुत बिजी रहते थे. उस समय वे अपने बच्चों के साथ एक बेडरूम वाले छोटे फ्लैट में रहते थे। एक्ट्रेस की मां ने ये तक कहा था कि उस समय ना तो उनके पास स्मार्टफोन था और



ना ही आलिया के पास खेलने का कोई कमरा था। एक्ट्रेस के पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान बंगला है जिसकी कीमत करीब 32 करोड़ रुपए बताई जाती है। यही नहीं, उनके पास लंदन में भी एक घर है जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपए है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है। आलिया भट्ट ने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की है। कपल एक हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहा है। उनकी एक बेटी भी है जिसका नाम राहा कपूर है। घर के अलावा आलिया भट्ट कई लग्जीरियस गाड़ियों की भी मालकिन हैं।उनके पास अपनी बीएमडब्ल्यू 7 है जिसकी कीमत 1.76 करोड़ है। वहीं वे 2 करोड़ रुपए की कीमत वाली लैंड रोवर रेंज रोवर वोग की भी मालकिन हैं।



# जहीर ने शेयर की सोनाक्षी संग सात साल पुरानी तस्वीर

नई दिल्ली। जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा से शादी करने के बाद सात साल पुरानी एक तस्वीर शेयर की है। ये तस्वीर तब की है, जब उन्होंने सोनाक्षी को डेट करना शुरू किया था। उन्होंने अपनी पत्नी पर प्यार उड़ेलते हुए कहा कि उन्हें तब ही अहसास हो गया था कि वे हमेशा साथ रहने वाले हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दुनिया की नजरों से छिप-छिपकर प्यार किया। इनकी डेटिंग की अफवाहें तो बीते कुछ सालों में उड़नी शुरू हुईं, लेकिन ये साल 2017 से साथ थे और तब किसी को इसकी खबर नहीं थी। अब जहीर ने उस खूबसूरत पल की एक झलक दिखाई है, जब उन्होंने डेट करना शुरू किया था। उन्होंने सोनाक्षी के साथ एक फोटो शेयर की है, जो 7 साल पुरानी है। इस ब्लैंक व्हाइट फोटो में सोनाक्षी सिन्हा का हाथ जहीर के गले पर है और वो उन्हें प्यार से निहार रही हैं। जहीर ने कैप्शन में लिखा है, 'यह दिन, यह पल, यह एहसास।

## खबर संक्षेप



### राहुल के विरुद्ध हिन्दू धर्म सभा का निंदा प्रस्ताव

**घरघोडा।** हिंदू धर्मसभा घरघोडा के बैठक में कोंग्रेस नेता राहुल गाँधी के द्वारा हिंदुओ पर की गई अभद्र टिप्पणी के बिरोध मे निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। हिंदू धर्म सभा के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने कहा कि लोक सभा जैसे लोकतंत्र के मंदीर में कोंग्रेस के नेता राहुल गाँधी द्वारा भारत के एक सौ दश करोड़ जनता जो गौ गंगा और गीता को मानने वाले हिंदुओ को हिंसक बताने वाले राहुल गाँधी अपने मानसिक दिवालियेपन को स्वय प्रमाणित कर रहा है। सचिव राजेंद्र शर्मा ने कोंग्रेस नेता राहुल गाँधी की हिंदुओं के प्रति की गई टिप्पणी को भारत हिंदुओ को नष्ट करने का राष्ट्रीय एजेंडा का हिस्सा बताते हुए कहा की हिंदुओं को राहुल गाँधी के वक्तब्य से आत्म चिंतन करने की आवश्यकता है। तथा हिंदू विरोधी ऐसे नेताओं का खुलकर बिरोध करने हेतु सड़क से सदन तक के प्रबल बिरोध के लिए हिंदू समाज को आगे आने का आहवाँन किया। बैठक में धर्मपाल सिंह, धीरेंद् त्रिपाठी, राकेश मित्तल, नीलांचल पंडा, राजेंद्र चौधरी, ओपी सिंह, दीपक शर्मा, डोले प्रसाद पटेल ने भी राहुल गाँधी के हिंदू विरोधी वक्तव्य का विरोध करते हुए हिंदुत्व एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक शर्मा द्वारा किया गया।

### 90 हजार खसरों का हुआ नक्शा बटांकन अभियान चलाकर हो रहा वितरण

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनसामान्य की सुविधा के लिए नक्शा बटांकन के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर रायगढ़ के सभी तहसीलों में नक्शा बटांकन कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जा रहा है। जिससे विगत माह दिसम्बर 2023 से अभी तक नक्शा बटांकन कार्य में लगभग 18 प्रतिशत की प्रगति आयी है। इस अवधि में लगभग 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन किया गया है। नक्शा बटांकन कार्य जिले में तत्परता पूर्वक कराया जा रहा हैए जिससे राजस्व अभिलेख में शुद्धता आ रही है। खसरा दुरूस्ती के पश्चात नक्शा अपडेशन नहीं होने से राज्य स्तर पर ऐसे खसरे काफी संख्या में लंबित रहे है। जिसका निराकरण कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिससे अब जनसामान्य को खसरा एवं नक्शा के आसानी से उपलब्ध होने पर अब कार्यालय में आना नहीं पड़ रहा है। जिससे बैंक लोन, रजिस्ट्री आदि कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेज आसानी से प्राप्त होने के साथ ही भूमि संबंधी विवादों में कमी आयी है। कई गांवों में नक्शा बटांकन के काम जो लम्बे समय से लंबित थे। उन्हें शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिनमें तहसील लैलूंगा एवं घरघोड़ा के इन विभिन्न ग्रामों में नक्शा अद्यतनीकरण का कार्य शत.प्रतिशत पूर्ण किया गया है। इनमें रामपुर, कोड़ासिया, ईश्वरपुर, सोहनपुर एवं चिटकीबहार तथा तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम छिरभौना, पोरडी, राई, घोघरा शामिल है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

**रायगढ़।** शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित कर विभिन्न जिला मुख्यालयों में 9 जून को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलावार सूची पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम के संबंध में विद्यार्थी अपना रोल नंबर, नाम में कोई विसंगति हो तो अपना अभ्यावेदन आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ पर ईमेल 12 जुलाई 2024 तक सायं 5 बजे तक कर सकते है। इस तिथि के पश्चात किया गया अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

### आपदा के समय टोल फ्री नंबर 1070 से मिलेगी सहायता

**रायगढ़।** प्रदेश में किसी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर 1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा सी.डेक, तिरूवनंतपुरम एवं राज्य सरकार के सहयोग से ईआरएसएस डॉयल 1070 आपदा प्रबंधन आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। इसके टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता ली जा सकती है।

### चक्रधर समारोह में कबड्डी खेल आयोजन हेतु समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए कबड्डी खेल हेतु कबड्डी आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अमित सिंह मरकाम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र चन्द्रा, मोती महल रायगढ़ प्रतिनिधि राजपरिवार रायगढ़ देवेन्द्र प्रताप सिंह, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक कबड्डी राजेश पटनायक, क्रीड़ा अधिकारी तापस चटर्जी, क्रीड़ा अधिकारी सौरभ प्रधान, व्यायाम शिक्षक श्रीमती विनीता पाणि, राष्ट्रीय खिलाड़ी परमेश्वर विशाल, अमित सिदार एवं श्रीमती चमेली सारथी तथा सहा पुलिस उप निरीक्षक राजेन्द्र पटेल को सदस्य बनाये गये है।

### जिले में 268.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 जुलाई तक 268.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5०1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है।

## स्कूली किताबों में करोड़ों का कारोबार, शिक्षा विभाग कागज में करता जांच

# एनसीआरटी की पुस्तकों के मुकाबले कई गुना महंगी है अन्य किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में शिक्षा का कारोबार करोड़ों रुपए का सालाना है। जिन स्कूलों में एनसीइआरटी का पाठ्यक्रम चलना चाहिए वहां जबरन निजी प्रकाशकों की पुस्तकें बच्चों पर थोपी जा रही है। सीधी सी बात है कि एनसीइआरटी की पुस्तकें कम दर की होती हैए जबकि निजी प्रकाशकों की पुस्तकें महंगी होती है। जो पुस्तक जितनी महंगी उसमें मिलने वाला कमीशन उतना अधिक होता है। शहर के करीब तीन दर्जन से अधिक निजी स्कूल ही इस प्रकार के कमीशन के खेल में लगे हुए है। इसमें जिला शिक्षा विभाग की सीधी मिलीभगत हैए क्योंकि इनकी तरफ से बनाए दल ने सती से जांच की होती तो कमीशन का ये खेल चल रही नहीं सकता।

पर्ची के साथ दिया जा रहा सिलेबस- शहर में बुकडिपो से लेकर पाठ्यपुस्तक विक्रेताओं के यहां निजी स्कूल की पर्ची के साथ सिलेबस दिया जा रहा है और पर्ची जमा की जा रही है। पर्ची पालक को वापस नहीं दे रहे है। एनसीआरटी के अलावा हर कक्षा में 6 से 7 किताबें अलग दी जा रही है। इसमें 700 से लेकर 1200 तक का मूल्य है। नर्सरी व एलकेजी तक का कोई 2500 से 3 हजार तक में मिल रहा है।




| कक्षा | किताबें | कीमत |
|---|---|---|
| 1 | 3 | 195 |
| 2 | 3 | 195 |
| 3 | 4 | 260 |
| 4 | 5 | 260 |
| 5 | 4 | 260 |

हर एक स्कूल के सिलेबस के साथ एनसीआरटी के साथ जो किताबें चल रही है वह अलग.अलग है।

### तीन साल में 60 से ज्यादा शिकायतें

पिछले तीन साल में निजी स्कूलों में पढने वाले 60 से ज्यादा शिकायतें स्कूल संचालकों की मनमानी की दर्ज कराई है। ज्यादातर शिकायतें जनसुनवाई में जिला प्रशासन के पास पहुंची है। खास बात यह है कि शिकायतों में से 90 फीसदी से ज्यादा शिकायतें फीस माफी या स्कूल संचालक द्वारा टीसी नहीं देने की सामने आई है। जुलाई और अगस्त माह में प्रवेश की प्रक्रिया होती है। इस समय अभिभावक बच्चों को दूसरे स्कूलों में प्रवेश दिलाते हैं तो टीसी लेने पहुंच जाते हैं। फीस बकाया होने पर स्कूल संचालक टीसी नहीं देते हैं तो अभिभावक शिकायत करने पहुंच जाते हैं।

### नियम जानना जरूरी

सरकार का नियम है कि किसी भी निजी स्कूल की किताब चाहे वो किसी भी कक्षा की हो, कम से कम तीन दुकानों पर मिलना जरूरी है। जबकि इसके उलट हो ये रहा है कि शहर के नामी स्कूलों की किताबें पहले से तयशुदा एक दुकान पर ही मिलती है। इसके अलावा स्कूल में चलने वाली किताब की बात हो या लिए जाने वाले शुल्क के नियम, इस पर नजर रखने, निरीक्षण करने के लिए हर साल दल बनता है, लेकिन दल में शामिल सदस्य कभी स्वयं से निजी स्कूल में जाकर जांच नहीं कर रहे है। इसके उलट उनको सिर्फ शिकायत का इंतजार रहता है।

### ऐसे करते हैं निपटारा

शिक्षा विभाग में पहुंची शिकायतों के बाद स्कूल संचालक को पत्र लिखकर फीस माफी या आधी फीस लेकर टीसी देने के लिए कहा जाता है। ज्यादातर स्कूल संचालक शिकायत से पीछा छुड़ाने के लिए आधी फीस में समझौता कर लेते हैं जबकि कुछ स्कूल संचालक बिना फीस लिए टीसी नहीं देते हैं।



## संदिग्धों की जांच और किरायेदारों के सत्यापन पर पुलिस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर आज सुबह शहर के सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत डीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं नगर निरीक्षकों के नेतृत्व में साइबर सेल व शहर के थानों की पुलिस टीम द्वारा अलग अलग वार्डों में संदिग्धों व्यक्तियों की जांच और किराएदारों के सत्यापन के लिए सप्राइज चेक किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रभारियों को नियमित रूप से उनके क्षेत्र के किराएदारों तथा मुसाफिरों, फेरी वालों, जड़ी बुटी बेचने वालों का उनके आधार कार्ड से वैरिफिकेशन करने एवं उनके गतिविधियों की जांच का निर्देश दिया गया है। शहर के सभी थानाक्षेत्र में 3-3 टीमें बनाई गई थी, एक टीम में थाना प्रभारी स्वयं थे। डीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा जूटमिल क्षेत्र में थाना और साइबर की टीम के साथ किरायेदार चेक कर 43 मकान मालिक, किराएदार को थाने लाया गया। थाने में किराएदारों के क्रियाकलाप और व्यवसाय की जानकारी ली गई। डीएसपी अभिनव ने मकान मालिक को सख्त हिदायत दिया गया कि यदि कोई मकान मालिक अपने किरायेदार व नौकर का वेरीफिकेशन नहीं करता है तो संबंधित मकान मालिक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। विशेष जांच अभियान में दिनदयाल कालोनी, ढिमरापुर, बड़े रामपुर, इंदिरानगर, टुर्कुमुडा, कबीर चौक, सरईभद्दर, गांधीनगर, मिट्ठूमुडा, आईटीआई कॉलोनी चक्रधरनगर, साहेब राम कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज, किरोडीमलनगर में किरायेदार को चेक किया गया तथा मकान मालिक को किरायेदार के वैरीफिकेशन के बाद ही मकान किराये पर देने की हिदायत दिया गया है।

## तेज रफ्तार मालवाहक ने बाइक को रौंदा, तोड़ा बिजली का खंभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ में सड़क कार्य में लगे हाईवा ने शराब दुकान से थोड़ी ही दूरी पर एक साथ दो मोटरसायकल को रौंद दिया है। धरमजयगढ़ से कापू तक सड़क निर्माण कर रही एसकेए कंपनी की गाड़ी ने यह घटना को अंजाम दिया है जिसमें 2 मोटरसायकल पूरी तरह छत्तीग्रस्त हो गया है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया की हाईवा क्रमांक सीजी 13 ए क्यू 6002 शराब दुकान के पास मिट्टी में फ सी हुई थी। जिसे घटना से कुछ देर पहले कंपनी के जेसीबी से निकाला गया। जैसे ही हाईवा वहा से निकली आगे जाकर अनियंत्रित होकर मोटरसायकल पर चढ़ गई। वही मौजूद लोगों ने बताया की ड्राइवर बहुत अधिक शराब के पी रखा था जिसके कारण गाड़ी लड़ खड़ते हुए सड़क किनारे रखे दो मोटरसायकल को रौंदते हुए मिट्टी में फस गयाए और अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक चालक भाग निकला, आप चित्र में देख सकते हैं कि गाड़ी में शराब का आधा बॉटल भी रखा हुआ है।



### तोड़ा बिजली का खंभा

धरमजयगढ़ के सिविल लाइन में ओवरलोड फ्लाईएश परिवहन कर रही हाईवा गाड़ियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बीती रात को जहां बायसी कॉलोनी के पास ओवरलोड फ्लाई एश हाईवा ने बिजली तार समेत 2 खम्बो को तोड़ दिया। वही करीब 10 बजे एक हाईवा द्वारा सिविल लाइन में मेन लाइन तोड़ दिया गया। जिस समय यह घटना घटित हुई मौके पर मौजूद लोगों ने बताया की गाडी बहुत ज्यादा तेज रफ़्तार में थी और पूरे तेजी से तार खींचती हुई चली गई। जिस कारण घरों से मीटर उखड़ गए और पूरे धरमजयगढ़ की बिजली गुल हो गई। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद विद्युत विभाग विद्युत व्यवस्था सुधारने में जुट गई हैं।

### सीमांकन के दौरान राजस्व अमले के साथ ग्रामीणों का विवाद

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ क्षेत्र में स्थित वार्ड क्रमांक 1 में जमीन सीमांकन को लेकर मोहल्लेवसियों और सीमांकन करने गए कर्मचारियों के साथ जमकर तू तू मैं मैं हुआ। मामला तब गरमाया जब कई सालों बाद मोहल्लेवासियों को पता चला की कोटवार द्वारा सेवा भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन लगाया गया है। सेवा भूमि की सीमांकन करने राजस्व निरीक्षक और पटवारी सीमांकन के लिए वार्ड क्रमांक 1 में स्थित जमीन के पास पहुंचे। नाप जोख करने आये पटवारी को देखकर मोहल्लेवालों के होश उड़ गए। शासकीय भूमि पर वर्षों से कब्जा कर निवास कर रहे लोगों का कहना है कि उनके दादा परदादा के जमाने से निवास करते आ रहे हैंए एवं उनका उसी समय से कब्जा है। लगभग 50 साल हो गये किसी न आज तक नहीं बोला कि ये जमीन हमारा है आज अचानक कोटवार द्वारा कहा जा रहा की यह उसकी जमीन है। इतने सालों से कोटवार को होश नहीं था क्या उसका जमीन कहा है। यह साजिश के तहत हम लोगों को बेघर करने का प्लान बनाया जा रहा है। मौके पर सीमांकन करने गए हल्का पटवारी का कहना है कि उन्हें एसडीएम की ओर से सीमांकन का आदेश प्राप्त हुआ।

## कृषि कार्यों की समीक्षा करने विस्तार अधिकारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

शासन द्वारा उन्नत कृषि के लिए किसानों को समय में उचित खाद बीज, मिट्टी परीक्षण आदि के लिए किसानों से संपर्क कर उन्हें जहां उचित सलाह दी जाती है वहीं संबंधित किसानों के खेतों की जांच भी की जाती रही हैं।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को दलहन तिलहन किसानों को वितरित किया गया था वहीं इसके उचित बुआई करने सहित अन्य रख रखाव के लिए सुझाव भी दिया गया ताकि इसका प्रदर्शन स्तर में किया जा सके। इसी तरह अन्य कई बिन्दुओं के तहत कृषि विस्तार अधिकारी आर के पटेल ने अपने 16 आरईओ के साथ बैठक किया। उक्त बैठक कृषि कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में इन्होंने 4600 अऋणि कृषकों के फसल बीमा कराने का लक्ष्य होने की बात कही जिसे जल्द ही जल्द पुरा कराने का हवाला दिया। जो किसान केसीसी ऋण लेने के इच्छुक है और जो नहीं ले पाये हैं ऐसे किसानों को चिन्हांकित कर उनका प्रकरण बनाया जाना है। मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में इन्होंने बताया कि अलग अलग क्षेत्र से मिट्टी परीक्षण किया जाना है जिसका लक्ष्य 1700 का है। मिट्टी परीक्षण को लेकर कृविअ आर के पटेल ने बताया कि मिट्टी परीक्षण से किसानों को फायदा रहता है चूंकि मिट्टी के जांच के उपरांत किसान खेत में संतुलित उर्वरा का उपयोग करता है जिससे बेहतर फसल होने की संभावना प्रबल हो जाती है।



## लोक अदालत का आयोजन 13 को राजीनामा से होगा प्रकरणों का निबटारा

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया है, जिसमें सिविल और राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं के अलावाए भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जाएंगे जिसमें मुकदमा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 एवं कोविड.19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जाएंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण सम्बन्धी, सुखाधिकार सम्बन्धी, विक्रयपत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे।

## छेड़खानी के आरोप में अधेड़ गिरफ्तार

**रायगढ़।** बीते 28 जून को थाना चक्रधरनगर में महिला द्वारा उसकी लड़की को गांव का प्रदीप विश्वाल पिता बोधराम विश्वाल 44 वर्ष द्वारा आते जाते समय गंदे तरीके से इशारे बाजी कर छेड़खानी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करायी। महिला बताई कि गांव का प्रदीप विश्वाल शराबी किस्म का व्यक्ति है, 15 दिन पहले लड़की तालाब जा रही थी उसे अश्लील बातें कर छेड़खानी किया था। लोक लाज के भय से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराये थे जिसके बाद 27 जून को भी लड़की के तालाब जाते समय प्रदीप विश्वाल अभद्र टिप्पणी कर गंदी नियत से छेड़खानी करते हुए हाथ बांह पकड़ाए लड़की भाग कर दूसरे के घर चली गई और घर वापस आकर छेड़खानी की घटना बताई। गांव के सरपंच और प्रमुख व्यक्तियों से सलाह मशवरा कर आरोपी के विरुद्ध थाना में अपराध पंजीबद्ध कराया गया। थाना चक्रधरनगर में आरोपित पर धारा 354 घ 509 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया है।



### ताड़ी का परिवहन कर रहे बस चालक, परिचालक गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** बस से ताड़ी का अवैध परिवहन करते पुलिस ने चालक,परिचालक व सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।एसपी शशि मोहन सिंह को 8 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली, कि संपघरा से बगीचा की ओर चलने वाली यात्री बस क्रमांक सीजी 07 ई 1002 में अवैध शराब ताड़ी का विक्रय करने एवं खपाने के उद्देश्य से परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में टीम बनाकर जब्ती एवं गिरफ्तारी कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। टीम द्वारा मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम जोकतला खुंटीटोली मार्ग में नाकाबंदी कर बस के आने का इंतजार किया जा रहा था। बस के आने पर उसके चालक तपेश्वर राम को रोककर अवैध शराब रखने के संबंध में पूछताछ कर बस की तलाशी ली गई।

## छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

न्यायालय झलप तहसीलदार के साथ हुई मारपीट की घटना से क्षुब्ध होकर तथा शासन द्वारा पूर्व में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हित में जारी आदेशों एवं घोषणाओं के आज तक क्रियान्वयन न होने के कारण हड़ताल में जाने की सूचना साथ आज छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल को ज्ञापन सौंपी है। 8 जुलाई को उपतहसील झलप जिला महासमुंद में पदस्थ नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ न्यायालयीन कार्य के दौरान हुई मारपीट से समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों में आक्रोश व्याप्त है क्योंकि उक्त घटना शासन द्वारा पूर्व में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हित में जारी आदेशों एवं घोषणाओं के आज दिनांक तक क्रियान्वयन न होने के कारण घटित हुई है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की लंबित मांगे में छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा राजस्व न्यायालयो में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने जिला कलेक्टर को निर्देशित किया गया था, किन्तु उक्त आदेश का क्रियान्वयन जिला स्तर पर नही होने से लगातार असुरक्षा के माहौल में कार्य करना पड़ रहा है। अतः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारो को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराया जाए।

■ अनिश्चितकालीन हड़तान पर जाने की चेतावनी

### कलाकार चयन हेतु समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह के सफल आयोजन हेतु कलाकार चयन के लिए कलाकार चयन समिति का गठन किया है। गठित समिति में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सुश्री उर्वशी देवी, प्रिंसेस विजय देवी सिंह, प्रो.अम्बिका वर्मा, श्रीमती बासंती वैष्णव, कथक नृत्याचार्य भूपेन्द्र बरेठ एवं जसगीत गायक देवेश शर्मा को सदस्य बनाए गए है। उक्त समिति कलाकारों के चयन हेतु अपना सुझाव देगी तथा अंतिम निर्णय अध्यक्ष आयोजन समिति, चक्रधर समारोह को होगा।

## श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में कैंसर योद्धाओं का सम्मान



**रायगढ।** शहर के श्रीबालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के सभा हॉल में 6 जुलाई को कैंसर वारियर्स सम्मान समारोह आयोजन किया गया जिसमें प्रतिष्ठा एवं गर्व के साथ शील्ड और शाल देकर 23 से अधिक कैंसर योद्धाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपनी अटूट हिम्मत और धैर्य से इस कैंसर बीमारी से जंग जीती है। गौरतलब की स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में 23 से अधिक कैंसर योद्धाओं ने इलाज करा कर कैंसर रोग से मुक्त हुऐ है जिसके पश्चात वे सभी पूर्ण स्वस्थ एवं खुशहाल हैं। कैंसर से जंग जीतने के लिए कैंसर योद्धाओं और श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टर की इस अटूट जस्बे को सलाम करने के लिए और श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के द्वारा सम्मान में कैंसर वारियर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आमंत्रित अतिथियों ने शील्ड और शाल देकर 23 से अधिक कैंसर योद्धाओं को सम्मानित किया गया और उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

हेल्थ प्लस

### वन महोत्सव व पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

**कुडेकेला।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने के लिए देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील की यह मोदी ने मन की बात की 191 एपिसोड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया।

देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान पर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री राधे श्याम राठिया एवं विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ के विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला में 153 पौधो का रोपण किया गया। सांसद ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चो एवम पालकों में पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा और बड़े पैमाने पर पौधरोपण हो सकेगा। आए दिन हो रहे पेड़ो की कटाई और बदलती मौसम का मुख्य कारण पेड़ो का विनाश है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन और बढ़ती प्रदूषण का शिकार हर मानव हो रहा है। वनमहोत्सव पौधरोपण कार्यक्रम में धरमजयगढ़ वन मंडल के वनमण्डलाधिकारी, रेंजर, उप रेंजर सभी कर्मचारी जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच उपसरपंच ग्राम के गणमान्य नागरिक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका, पालकगण, छात्र छात्राएं एवम मीडिया के लोग उपस्थित थे।




## टॉप इन रायगढ़

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146